चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 30.10.24 | 3 | 1-5 |

**कार्यक्रम** • एचएयू में 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का हुआ समापन, प्रतिभागियों को सम्मानित किया

# स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनें : पनिहार

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कॉलेज सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय, राज्य एनएसएस इकाई तथा उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन हुआ। नलवा के विधायक रणधीर पनिहार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यातिथि रणधीर पनिहार ने कहा कि भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस कार्य में स्वयंसेवक अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। हम छोटे-छोटे कार्य से समाज में परिवर्तन ला सकते हैं, तभी देश में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि विवि के पास अपने शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार और सामाजिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा है।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर विविधता में एकता को सत्यापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्वयंसेवक का अर्थ है स्वयं की प्रेरणा व इच्छा से जो देश और समाज की सेवा करने के लिए हर समय तैयार रहता है। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जो एक वर्ष में 10 से अधिक राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित करने के साथ विभिन्न श्रेणियों के शिविर आयोजित करता है




हिसार | एचएयू के एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि रणधीर पनिहार।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम : पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नेहा चौधरी प्रथम

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नेहा चौधरी प्रथम, निखिल द्वितीय तथा अदिति वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज मेकिंग में आदिति वर्मा ने प्रथम, गौरव परमार ने द्वितीय तथा ऐश्वर्य ने तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में गौरव परमार व कनिष्का ने प्रथम, रंदीप व रिया द्वितीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में सौरभ ने प्रथम, सिंधु ने द्वितीय तथा निक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में गुरमेश ने प्रथम, ऋषभ काबरा ने द्वितीय तथा कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में चैत्रा ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय तथा सिमरन ने तृतीय स्थान हासिल किया। एकल गायन में टिंकू ने प्रथम, जोसॉन्गलियाना ने द्वितीय तथा कुशाग्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में कल्याणी ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में टीम नंबर चार ने पहला तथा टीम नंबर दो ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 30.10.24 | 4 | 7-8 |

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम होगी भूमिका




हकृवि के कृषि महाविद्यालय सभागार में राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन पर विजेता टीमों को सम्मानित करते विधायक रणधीर पनिहार, कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य।

जागरण संवाददाता • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय, राज्य एनएसएस इकाई तथा उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन हुआ। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यातिथि नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर विविधता में एकता को सत्यापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## यह रहे परिणाम

- पोस्टर मेकिंग : स्नेहा चौधरी प्रथम, निखिल द्वितीय व अदिति तृतीय।
- कोलाज मेकिंग : आदिति वर्मा ने प्रथम, गौरव द्वितीय व ऐश्वर्य तृतीय
- रंगोली प्रतियोगिता : गौरव व कनिष्का प्रथम, रंदीप व रिया द्वितीय
- भाषण प्रतियोगिता : सौरभ प्रथम, सिंधु द्वितीय व निक तृतीय
- कविता पाठ : गुरमेश प्रथम, ऋषभ काबरा द्वितीय व कीर्ति तृतीय
- एकल नृत्य : चैत्रा प्रथम, नेहा द्वितीय व सिमरन तृतीय
- एकल गायन : टिंकू प्रथम, जोसान्गलियाना द्वितीय व कुशाग्र तृतीय
- स्लोगन स्पर्धा : कल्याणी प्रथम, अंजलि द्वितीय व गौरव तृतीय
- समूह नृत्य : टीम नंबर चार प्रथम व टीम नंबर दो द्वितीय रही

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 30.10.24 | 2 | 5-6 |

# स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेः रणधीर पनिहार

## हकृवि में 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का हुआ समापन




*मुख्यातिथि के साथ स्वयंसेवक एवं अन्य।*

हिसार, 29 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय, राज्य एन.एस.एस. इकाई तथा उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन हुआ।

नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणधीर पनिहार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यातिथि रणधीर पनिहार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। राष्ट्र की एकता एवं अंखडता को बनाए रखने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस कार्य में स्वयंसेवक अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम छोटे-छोटे कार्य से समाज में परिवर्तन ला सकते हैं, तभी देश में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा ना सिर्फ एन.एस.एस. कार्यक्रमों से प्रेरणा लेता है बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

**स्वयंसेवक विविधता में एकता को सत्यापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं: प्रो. काम्बोज**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर विविधता में एकता को सत्यापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक का अर्थ है स्वयं की प्रेरणा व इच्छा से जो देश और समाज की सेवा करने के लिए हर समय तैयार रहता है।

शिविर के दौरान कई प्रतियोगिताएं शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नेहा चौधरी प्रथम, निखिल द्वितीय तथा अदिति वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज मेकिंग में आदिति वर्मा ने प्रथम, गौरव परमार ने द्वितीय तथा ऐश्वर्य ने तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में गौरव परमार व कनिष्का ने प्रथम, रंदीप व रिया द्वितीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में सौरभ ने प्रथम, सिंधु ने द्वितीय तथा निक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में गुरमेश ने प्रथम, ऋषभ काबरा ने द्वितीय तथा कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में चैत्रा ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय तथा सिमरन ने तृतीय स्थान हासिल किया। एकल गायन में टिंकू ने प्रथम, जोसॉन्गलियाना ने द्वितीय तथा कुशाग्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में कल्याणी ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में टीम नंबर चार ने पहला तथा टीम नंबर दो ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय एकता शिविर की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच का संचालन छात्रा अनु ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 30.10.24 | 5 | 1-4 |

# स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें : रणधीर पनिहार

हिसार, 29 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय, राज्य एनएसएस इकाई तथा उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन हुआ। नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणधीर पनिहार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यातिथि रणधीर पनिहार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस कार्य में स्वयंसेवक अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम छोटे-छोटे कार्य से समाज में परिवर्तन ला सकते हैं, तभी देश में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पास अपने शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार और सामाजिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा है। पिछले 2-3 वर्षों में विश्वविद्यालय ने शोध एवं शैक्षणिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। हकृवि को नैब आईसीएआर ने ए प्लस ग्रेड दिया है व एनआईआरएफ रैंकिंग में देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रांत को गौरवान्वित किया है जोकि कुलपति के कुशल नेतृत्व को दर्शाता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा ना सिर्फ एनएसएस कार्यक्रमों से प्रेरणा लेता है बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर विविधता में एकता को सत्यापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक का अर्थ है स्वयं की प्रेरणा व इच्छा से जो देश और समाज की सेवा करने के लिए हर समय तैयार रहता है।




मंच पर उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

## हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर सम्पन्न

राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि हरियाणा देश में एकमात्र ऐसा राज्य है जो एक वर्ष में 10 से अधिक राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित करने के साथ-साथ विभिन्न श्रेणियों के शिविर भी आयोजित करता है। एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय से आए मनोज कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नेहा चौधरी प्रथम, निखिल द्वितीय तथा अदिति वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज मेकिंग में आदिति वर्मा ने प्रथम, गौरव परमार ने द्वितीय तथा ऐश्वर्य ने तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में गौरव परमार व कनिष्का ने प्रथम, रंदीप व रिया द्वितीय स्थान पर रही। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय एकता शिविर की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन छात्रा अन्नु ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर डागर सहित अन्य एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 30.10.24 | 11 | 5-8 |

# स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेः रणधीर पनिहार

- हकृवि में 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय, राज्य एनएसएस इकाई तथा उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन हुआ। नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणधीर पनिहार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यातिथि रणधीर पनिहार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अह्म भूमिका होगी। राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस कार्य में स्वयंसेवक अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम छोटे-छोटे कार्य से समाज में परिवर्तन ला सकते हैं, तभी देश में बड़ा बदलाव आएगा।

## प्रतियोगिताएं यह रहे परिणाम

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नेहा चौधरी प्रथम, निखिल द्वितीय तथा अदिति वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज मेकिंग में आदिति वर्मा ने प्रथम, गौरव परमार ने द्वितीय तथा ऐश्वर्य ने तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में गौरव परमार व कनिष्का ने प्रथम, रंदीप व रिया द्वितीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में सौरभ ने प्रथम, सिंधु ने द्वितीय तथा निक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कविता पाठ में गुरमेश ने प्रथम, ऋषभ काबरा ने द्वितीय तथा कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में चैत्रा ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय तथा सिमरन ने तृतीय स्थान हासिल किया। एकल गायन में टिंकू ने प्रथम, जोसॉन्गलियाना ने द्वितीय तथा कुशाग्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में कल्याणी ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में टीम नंबर चार ने पहला तथा टीम नंबर दो ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## विविधता में एकता को सत्यापित करने में अहम भूमिका

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर विविधता में एकता को सत्यापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक का अर्थ है स्वयं की प्रेरणा व इच्छा से जो देश और समाज की सेवा करने के लिए हर समय तैयार रहता है।

## डॉ. खीचड़ ने शिविर की गतिविधियों पर डाला प्रकाश

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय एकता शिविर की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन छात्रा अन्नु ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर डागर, मनोज कुमार सहित अन्य एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

फोटो 29 एचएसआर 17. मुख्यातिथि के साथ स्वयंसेवक एवं अन्य।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 30.10.24 | 4 | 2-5 |

# पोस्टर मेकिंग में स्नेहा व कोलाज में अदिति ने मारी बाजी

## एचएयू में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। एचएयू के कृषि महाविद्यालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का मंगलवार को समापन हुआ।

मुख्य अतिथि नलवा के भाजपा विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस कार्य में स्वयंसेवक अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नेहा चौधरी और कोलॉज मेकिंग में अदिति वर्मा प्रथम रहीं। व

विधायक ने विजेताओं को सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि स्वयंसेवक न




एचएयू में राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन पर विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते विधायक रणधीर पणिहार, कुलपति प्रो. बीआर कांबोज व अन्य। स्रोत : संस्थान

सिर्फ अपने अंदर सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है।

राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि हरियाणा एक वर्ष में 10 से अधिक राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित करने के साथ-साथ विभिन्न श्रेणियों के शिविर आयोजित करता है। इस मौके पर एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय से आए मनोज कुमार, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, डॉ. एसके पाहुजा, राष्ट्रीय सेवा योजना अवॉर्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर, अनु आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

- **पोस्टर मेकिंग :** स्नेहा चौधरी प्रथम, निखिल द्वितीय, अदिति वर्मा तृतीय।
- **कोलाज मेकिंग :** अदिति वर्मा प्रथम, गौरव परमार द्वितीय, ऐश्वर्य तृतीय।
- **रंगोली :** गौरव व कनिष्का प्रथम, रंदीप व रिया द्वितीय।
- **भाषण :** सौरभ प्रथम, सिंधु द्वितीय, निक तृतीय।
- **कविता पाठ :** गुरमेश प्रथम, ऋषभ द्वितीय, कीर्ति तृतीय।
- **एकल नृत्य :** चैत्रा प्रथम, नेहा द्वितीय, सिमरन तृतीय।
- **समूह नृत्य :** टीम नंबर-4 प्रथम, टीम नंबर-2 द्वितीय।
- **एकल गायन :** टिंकू प्रथम, जोसॉन्गलियाना द्वितीय, कुशाग्र तृतीय।
- **स्लोगन :** कल्याणी प्रथम, अंजलि द्वितीय, गौरव तृतीय।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 30-10-24 | 3 | 3-4 |

## हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन

हिसार, 29 अक्तूबर (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय, राज्य एनएसएस इकाई और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिविर में नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणधीर पनिहार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यातिथि रणधीर पनिहार ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस कार्य में स्वयंसेवक अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनने का आह्वान किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 29.10.2024 | -- | -- |

# स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने : रणधीर पनिहार

## हकृवि में 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का हुआ समापन




**हिसार, 29 अक्तूबर। ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय, राज्य एनएसएस इकाई तथा उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन हुआ। नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणधीर पनिहार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यातिथि रणधीर पनिहार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस कार्य में स्वयंसेवक अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम छोटे-छोटे कार्य से समाज में परिवर्तन ला सकते हैं, तभी देश में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पास अपने शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार और सामाजिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा है। पिछले 2-3 वर्षों में विश्वविद्यालय ने शोध एवं शैक्षणिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। हकृवि को नैब आईसीएआर ने ए प्लस ग्रेड दिया है व एनआईआरएफ रैंकिंग में देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रांत को गौरवान्वित किया है जोकि कुलपति के कुशल नेतृत्व को दर्शाता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा ना सिर्फ एनएसएस कार्यक्रमों से प्रेरणा लेता है बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। स्वयंसेवक विविधता में एकता को सत्यापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं- प्रो. बी.आर. काम्बोज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर विविधता में एकता को सत्यापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक का अर्थ है स्वयं की प्रेरणा व इच्छा से जो देश और समाज की सेवा करने के लिए हर समय तैयार रहता है। स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के माध्यम से आम नागरिकों में भी समाज एवं राष्ट्र के प्रति आत्म समर्पण की भावना प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवको ने सात दिन तक शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़ चढ ?र भाग लेकर अपनी उर्जा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के कार्यक्रमों से प्रेरणा लेकर स्वयंसेवक ना सिर्फ अपने अंदर सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास भी हो रहा है। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि हरियाणा देश में एकमात्र ऐसा राज्य है जो एक वर्ष में 10 से अधिक राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित करने के साथ-साथ विभिन्न श्रेणियों के शिविर भी आयोजित करता है। एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय से आए मनोज कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने अनुशासन में रहकर विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़ चढ ?र भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनके परिणाम इस प्रकार हैं :**

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नेहा चौधरी प्रथम, निखिल द्वितीय तथा अदिति वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज मेकिंग में आदिति वर्मा ने प्रथम, गौरव परमार ने द्वितीय तथा ऐश्वर्य ने तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में गौरव परमार व कनिष्का ने प्रथम, रंदीप व रिया द्वितीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में सौरभ ने प्रथम, सिंधु ने द्वितीय तथा निक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में गुरमेश ने प्रथम, ऋषभ कावरा ने द्वितीय तथा कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में चैत्रा ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय तथा सिमरन ने तृतीय स्थान हासिल किया। एकल गायन में टिंकू ने प्रथम, जोसॉन्गलियाना ने द्वितीय तथा कुशाग्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में कल्याणी ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में टीम नंबर चार ने पहला तथा टीम नंबर दो ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय एकता शिविर की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन छात्रा अन्नु ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर डागर सहित अन्य एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | **29.10.2024** | -- | -- |

# स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने : रणधीर पनिहार

पांच बजे न्यूज




**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय, राज्य एनएसएस इकाई तथा उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन हुआ। नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणधीर पनिहार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यातिथि रणधीर पनिहार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस कार्य में स्वयंसेवक अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम छोटे-छोटे कार्य से समाज में परिवर्तन ला सकते है, तभी देश में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पास अपने शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार और सामाजिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा है। पिछले 2-3 वर्षों में विश्वविद्यालय ने शोध एवं शैक्षणिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। हकृवि को नैब आईसीएआर ने ए प्लस ग्रेड दिया है व एनआईआरएफ रैंकिंग में देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रांत को गौरवान्वित किया है जोकि कुलपति के कुशल नेतृत्व को दर्शाता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा ना सिर्फ एनएसएस कार्यक्रमों से प्रेरणा लेता है बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर विविधता में एकता को स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक का अर्थ है स्वयं की प्रेरणा व इच्छा से जो देश और समाज की सेवा करने के लिए हर समय तैयार रहता है। स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के माध्यम से आम नागरिको में भी समाज एवं राष्ट्र के प्रति आत्म समर्पण की भावना प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवको ने सात दिन तक शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के कार्यक्रमों से प्रेरणा लेकर स्वयंसेवक ना सिर्फ अपने अंदर सकारात्मक बदलाव ला रहे है बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास भी हो रहा है।

राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि हरियाणा देश में एकमात्र ऐसा राज्य है जो एक वर्ष में 10 से अधिक राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित करने के साथ-साथ विभिन्न श्रेणियों के शिविर भी आयोजित करता है। एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय से आए मनोज कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनके परिणाम इस प्रकार है:

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में श्रेया चौधरी प्रथम, निखिल द्वितीय तथा अदिति वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज मेकिंग में आदिति वर्मा ने प्रथम, गौरव परमार ने द्वितीय तथा ऐश्वर्य ने तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में गौरव परमार व कनिष्का ने प्रथम, संदीप व रिया द्वितीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में सौरभ ने प्रथम, सिंधु ने द्वितीय तथा निक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में गुरमेश ने प्रथम, ऋषभ कावरा ने द्वितीय तथा कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में चैत्रा ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय तथा सिमरन ने तृतीय स्थान हासिल किया। एकल गायन में टिंकू ने प्रथम, जोसोन्लियाना ने द्वितीय तथा कुशाग्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में कल्याणी ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में टीम नंबर चार ने पहला तथा टीम नंबर दो ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 30.10.24 | 5 | 2-3 |

# टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए किया समझौता

जागरण संवाददाता • हिसार: भारत के सर्वांगीण विकास में कृषि और किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका के मद्देनजर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) और सिंजेंटा इंडिया ने विविधीकृत टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "आत्मनिर्भर भारत" के लक्ष्य को साकार करने के लिए कृषि की उत्पादकता बढ़ाने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने पर केंद्रित है।

सिंजेंटा इंडिया के कंट्री हेड एवं एमडी, सुशील कुमार ने कहा मेरे लिए अपने विश्वविद्यालय के साथ मिलकर भारतीय कृषि क्षेत्र को अधिक टिकाऊ और किसानों को सक्षम बनाने का यह एक दुर्लभ एवं सम्मानजनक अवसर है। सुशील कुमार हकृवि से पढ़े है। एमओयू के अनुसार हकृवि और सिंजेंटा इंडिया मिलकर हितधारकों के कौशल विकास, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने हेतु सटीक, विश्वसनीय जानकारी



एमओयू के दौरान कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य अधिकारी।

और सूचना एवं संचार तकनीक आधारित उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देंगे। ग्रामीण युवाओं की क्षमता निर्माण, फसल संरक्षण रसायनों का सुरक्षित उपयोग और नई तकनीकों को अपनाने के लिए परियोजनाएं संचालित करेंगे।

सिंजेंटा इंडिया के एमडी ने कहा कि आवश्यक कौशल बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण, सुरक्षित फसल संरक्षण उत्पादों का उपयोग, और छोटे किसानों व ग्रामीण युवाओं को कृषि के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए कौशल प्रशिक्षण आवश्यक हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 30.10.24 | 4 | 3-6 |

### सटीक जानकारी और सूचना एवं संचार तकनीक आधारित उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देंगे

# टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने को एचएयू का सिंजेंटा इंडिया से समझौता



भास्कर न्यूज़ | हिसार

भारत के सर्वांगीण विकास में कृषि और किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका के मद्देनजर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और सिंजेंटा इंडिया ने विविधीकृत टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए कृषि की उत्पादकता बढ़ाने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने पर केंद्रित है। इस समझौतें को एक विशेष अवसर बताते हुए, सिंजेंटा इंडिया के कंट्री हेड एवं एमडी, सुशील कुमार ने कहा, विश्वविद्यालय के साथ मिलकर भारतीय कृषि क्षेत्र को अधिक टिकाऊ और किसानों को सक्षम बनाने का यह एक दुर्लभ एवं सम्मानजनक अवसर है। सुशील कुमार के सीसीएसएचएयू से ही कृषि के क्षेत्र में स्नातक की पढ़ाई की है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य कृषि को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाना है।

एमओयू के अनुसार, सीसीएसएचएयू और सिंजेंटा इंडिया मिलकर हितधारकों के कौशल विकास, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने के लिए सटीक, विश्वसनीय जानकारी और सूचना एवं संचार तकनीक आधारित उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देंगे। सिंजेंटा इंडिया के एमडी ने कहा कि आवश्यक कौशल बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण, सुरक्षित फसल संरक्षण उत्पादों का उपयोग, और छोटे किसानों व ग्रामीण युवाओं को कृषि के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए कौशल प्रशिक्षण आवश्यक हैं। सिंजेंटा इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि डिप्लोमा टेक्निकल स्कूल, किसान समूह और यूनिवर्सिटी के अन्य इंस्टीट्यूट्स के साथ मिलकर काम करेगी। सुशील कुमार ने आगे बताया, इस समझौते के तहत हम कृषि स्नातकों के लिए फसल संरक्षण रसायनों के सुरक्षित उपयोग और अन्य कौशलों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करेंगे, ताकि वे कृषि के क्षेत्र में उद्यमिता की ओर प्रेरित हों। सुशील कुमार ने कहा कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए, हम सीसीएसएचएयू के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए शोध परियोजनाओं को प्रायोजित करने की योजना बना रहे हैं।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 30.10.25 | 8 | 7-8 |

# टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए हकृवि ने किया समझौता

हिसार, 29 अक्तूबर (हप्र)

भारत के सर्वांगीण विकास में कृषि और किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका के मद्देनजर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) और सिंजेंटा इंडिया ने विविधीकृत टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए कृषि की उत्पादकता बढ़ाने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने पर केंद्रित है।

इस समझौते को एक विशेष अवसर बताते हुए, सिंजेंटा इंडिया के कंट्री हेड एवं एमडी, सुशील कुमार ने कहा कि मेरे लिए अपने विश्वविद्यालय के साथ मिलकर भारतीय कृषि क्षेत्र को अधिक टिकाऊ और किसानों को सक्षम बनाने का यह एक दुर्लभ एवं सम्मानजनक अवसर है।

एमओयू (रूश) के अनुसार, सीसीएसएचएयू और सिंजेंटा इंडिया मिलकर हितधारकों के कौशल विकास, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने के लिए सटीक, विश्वसनीय जानकारी और सूचना एवं संचार तकनीकें आधारित उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भूमि | 30.10.25 | 11 | 6 |


# टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए हकृवि व सिंजेंटा इंडिया में करार

■ आत्मनिर्भर भारत का सपना होगा साकार।

हिसार। कृषि और किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका के मद्देनजर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) और सिंजेंटा इंडिया ने विविधीकृत टिंकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए कृषि की उत्पादकता बढ़ाने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने पर केंद्रित है। सिंजेंटा इंडिया के कंट्री हेड एवं एमडी, सुशील कुमार ने कहा कि मेरे लिए अपने विवि के साथ मिलकर कृषि क्षेत्र को अधिक टिकाऊ और किसानों को सक्षम बनाने का यह एक दुर्लभ एवं सम्मानजनक अवसर है। उनका उद्देश्य कृषि को अधिक लाभकारी व टिकाऊ बनाना है। एमओयू से हकृवि और सिंजेंटा इंडिया मिलकर हितधारकों के कौशल विकास, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने के लिए सटीक जानकारी मिलेगी।